Department of **Education**

GOVERNMENT OF WESTERN AUSTRALIA

Public education
**A world of opportunities**

| English | Hindi |
|---|---|
| Community Consultation<br>Cannington and Maddington area | सामुदायिक परामर्श<br>Cannington और Maddington क्षेत्र |
| **Public schooling in the Cannington and Maddington area** | **Cannington और Maddington क्षेत्र में जन शिक्षा (पब्लिक स्कूलिंग)** |
| The State Government is undertaking community consultation with local parents, students and community members about schooling in the Cannington and Maddington area and possible changes to Cannington Community College, Sevenoaks Senior College, Cannington Community Education Support Centre, and Yule Brook College. | राज्य सरकार स्थानीय माता-पिता, छात्र/छात्राओं और सामुदायिक सदस्यों के साथ Cannington और Maddington क्षेत्र में स्कूली शिक्षा और Cannington Community College, Sevenoaks Senior College, Cannington Community Education Support Centre, और Yule Brook College में संभावित परिवर्तनों के बारे में विचार-विमर्श कर रही है। |
| The Department of Education's preferred model of secondary schooling is to, where possible, provide students with continuity of learning from Years 7 to 12 within a single school environment. | शिक्षा विभाग (Department of Education) का माध्यमिक शिक्षण के लिए पसंदीदा मॉडल यह है कि छात्र/छात्राओं को कक्षा 7 से लेकर 12 के लिए एक ही विद्यालय के परिवेश में सीखने के लिए निरंतरता प्रदान की जाए। |

| | |
|---|---|
| At present: | वर्तमान में: |
| • Cannington Community College caters for students in Kindergarten to Year 10. Students then need to enrol at Sevenoaks Senior College or another school for Years 11 and 12.<br>• Sevenoaks Senior College caters for students in Years 11 and 12. The Big Picture Education Australia program is one of a range of programs offered at the College.<br>• The Cannington Community Education Support Centre caters for students in Years 7 to 12 across two sites. Students in Years 7 to 10 attend Cannington Community College and students in Years 11 and 12 attend Sevenoaks Senior College.<br>• Yule Brook College caters for students in Years 7 to 10. The College uses the Big Picture Education Australia program to provide individualised learning plans for students. Students then have the option to continue their learning at Sevenoaks Senior College for Years 11 and 12, either in Big Picture or other secondary courses. | • Cannington Community College किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र/छात्राओं को शिक्षण उपलब्ध कराता है। फिर कक्षा 11 और 12 के लिए छात्र/छात्राओं को Sevenoaks Senior College या किसी अन्य स्कूल में दाखिला लेने की आवश्यकता होती है।<br>• Sevenoaks Senior College कक्षा 11 और 12 के छात्र/छात्राओं को शिक्षण उपलब्ध कराता है। इस कॉलेज द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले अनेक कार्यक्रमों में Big Picture Education Australia कार्यक्रम भी शामिल है।<br>• Cannington Community Education Support Centre दो स्थलों में कक्षा 7 से लेकर 12 तक के छात्र/छात्राओं को शिक्षण उपलब्ध कराता है। कक्षा 7 से लेकर 10 तक के विद्यार्थी Cannington Community College में पढ़ाई करते हैं और कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थी Sevenoaks Senior College में पढ़ाई करते हैं।<br>• Yule Brook College कक्षा 7 से लेकर 10 तक के छात्र/छात्राओं को शिक्षण उपलब्ध कराता है। यह कॉलेज छात्र/छात्राओं को व्यक्तिगत शिक्षण योजनाएँ उपलब्ध कराने के लिए Big Picture Education Australia कार्यक्रम का उपयोग करता है। इसके बाद छात्र/छात्राओं के पास कक्षा 11 और 12 के लिए Sevenoaks Senior College में Big Picture या अन्य माध्यमिक पाठ्यक्रमों में अपनी शिक्षा जारी रखने का विकल्प उपलब्ध होता है। |
| There are currently 1691 students between the four schools. | इस समय इन चार विद्यालयों में कुल मिलाकर 1691 छात्र/छात्राएँ हैं। |
| The current structure of the schools has been a topic of discussion in the community. There are concerns about the requirement for students to change schools during their secondary education. | स्कूलों की वर्तमान संरचना समुदाय में चर्चा का विषय रही है। छात्र/छात्राओं के पास अपनी माध्यमिक शिक्षा के दौरान स्कूलों को बदलने की आवश्यकता के बारे में कुछ चिंताएँ हैं। |

| | |
|---|---|
| There are a number of factors to consider, including: | इसमें विचार करने योग्य कई कारक हैं, जिनमें शामिल हैं: |
| • the number of students enrolled;<br>• resourcing schools to maximise student learning; and<br>• continuity and consistency in learning and student support. | • नामांकित छात्र/छात्राओं की सँख्या;<br>• छात्र/छात्राओं को अधिकतम शिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्कूलों को संसाधन उपलब्ध कराना; तथा<br>• शिक्षण और छात्र/छात्राओं के लिए समर्थन में निरंतरता और स्थिरता। |
| Local community members are invited to have their say through an online survey, where they can select one of the following options: | स्थानीय समुदाय के सदस्यों को एक ऑनलाइन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी बात कहने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिसमें वे निम्नलिखित में से किसी एक विकल्प का चयन कर सकते हैं: |
| Option 1 | विकल्प 1 |
| • Yule Brook College extends to enrol Years 11 and 12 students in the Big Picture Education Australia program only.<br>• Cannington Community College becomes a Kindergarten to Year 6 primary school.<br>• Sevenoaks Senior College extends to Years 7 to 12.<br>• Cannington Community Education Support Centre offers Years 7 to 12 on the Sevenoaks Senior College site. | • Yule Brook College में कक्षा 11 और 12 के छात्र/छात्राओं को केवल Big Picture Education Australia कार्यक्रम में ही दाखिला दिया जाए।<br>• Cannington Community College को किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 6 तक के लिए प्राथमिक स्कूल बनाया जाए।<br>• Sevenoaks Senior College को कक्षा 7 से लेकर 12 तक तक विस्तारित किया जाए।<br>• Sevenoaks Senior College के स्थल पर Cannington Community Education Support Centre कक्षा 7 से लेकर 12 तक शिक्षा उपलब्ध कराए। |
| Option 2 | विकल्प 2 |
| • Yule Brook College extends to enrol Years 11 and 12 students in the Big Picture program only.<br>• Amalgamate Cannington Community College and Sevenoaks Senior College and offer Kindergarten to Year 12 across two sites.<br>• Cannington Community Education Support Centre offers Years 7 to 12 on one site. | • Yule Brook College में केवल Big Picture कार्यक्रम के लिए ही कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाए।<br>• Cannington Community College और Sevenoaks Senior College को साथ मिलाकर इन दोनों स्थलों के बीच किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा प्रदान की जाए।<br>• Cannington Community Education Support Centre के स्थल पर केवल कक्षा 7 से लेकर 12 तक की शिक्षा प्रदान की जाए। |

| | |
|---|---|
| Q. Is the number of students in a school important? | प्र. क्या किसी स्कूल में भर्ती छात्र/छात्राओं की सँख्या महत्वपूर्ण है? |
| A.  Schools of all sizes can be successful. As enrolments grow, a school increases its capacity and resource flexibility to offer wider educational opportunities and a broader range of specialised programs for students. | उ. सभी आकार के स्कूल सफल हो सकते हैं। स्कूल में भर्ती छात्र/छात्राओं की सँख्या बढ़ने के साथ-साथ छात्रों/छात्राओं को अनेकानेक प्रकार के शैक्षिक अवसर और विशेषीकृत कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए स्कूल की क्षमता और संसाधन प्राप्त करने की लोचनीयता बढ़ती जाती है। |
| The total enrolments as at Wednesday, 19 August 2020 for each school are: | बुधवार, 19 अगस्त 2020 तक इन स्कूलों में भर्ती छात्र/छात्राओं की कुल सँख्या इस प्रकार है: |

| **स्कूल** | **कक्षाएँ** | **भर्ती छात्र/छात्राओं की कुल सँख्या** |
|---|---|---|
| Cannington Community College | किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 10 तक | 761 |
| Sevenoaks Senior College | कक्षा 11 और 12 | 493 |
| Yule Brook College | कक्षा 7 से लेकर 10 तक | 317 |
| Cannington Community Education Support Centre | Cannington Community College स्थल पर कक्षा 7 से लेकर 10 तक और Sevenoaks Senior College स्थल पर कक्षाएँ 11 और 12 | 120 |

| | |
|---|---|
| Q. What is the preferred model of primary schooling? | प्राइप्र. प्राथमिक शिक्षण के लिए पसंदीदा मॉडल क्या है? |
| A. The preferred model of primary schooling in Western Australian public schools is Kindergarten to Year 6 in one school. Currently, Cannington Community College students go through to Year 10 at their school. | उ. पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई पब्लिक विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षण का पसंदीदा मॉडल एक ही स्कूल में किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 6 तक शिक्षा उपलब्ध कराना है। वर्तमान में Cannington Community College के छात्र/छात्रा अपने स्कूल में कक्षा 10 तक पढ़ाई करते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q. What is the preferred model of secondary schooling? | से प्र. माध्यमिक शिक्षण के लिए पसंदीदा मॉडल क्या है? |
| A. The preferred model of secondary schooling is to, where possible, provide students with seamless Years 7 to 12 secondary schooling in one school. A secondary school with around 1200 students can provide the necessary breadth and depth of curriculum throughout the secondary school years. | उ. माध्यमिक शिक्षण का पसंदीदा नमूना छात्र/छात्राओं को यथासंभव एक ही स्कूल में अबाधित रूप से कक्षा 7 से लेकर 12 तक माध्यमिक स्कूली शिक्षण प्रदान करना है। 1200 छात्र/छात्राओं वाला एक ही माध्यमिक स्कूल माध्यमिक शिक्षण के पाठ्यक्रम की आवश्यक चौड़ाई और गहराई प्रदान कर सकता है। |
| Q. Who will be consulted as part of the community consultation process? | प्र. सामुदायिक परामर्श प्रक्रिया के हिस्से के रूप में परामर्श किससे लिया जाएगा? |
| A. Parents/carers, students and community members in the Cannington and Maddington area are invited to have their views heard by providing feedback through an online survey. The survey is also available to interest groups, students and other stakeholders. | उ. Cannington और Maddington क्षेत्र में माता-पिता/देखभालकर्ताओं, छात्र/छात्राओं और समुदाय के सदस्यों को एक ऑनलाइन सर्वेक्षण के माध्यम से उनके विचारों को सुनने और प्रतिक्रिया देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह सर्वेक्षण अभिरुचि समूहों, छात्र/छात्राओं और अन्य हितधारकों के लिए भी उपलब्ध है। |
| Q. How can I be involved in the consultation process? | प्र. मैं परामर्श प्रक्रिया में कैसे शामिल हो सकता/सकती हूँ? |
| A. The consultation process will take eight weeks. Initially, you can be involved by providing feedback through a short survey. Your responses are anonymous and will be collated with other responses for analysis. The survey is online at education.wa.edu.au and is open for three weeks from 9.00am on Wednesday 26 August 2020 and will close at 5.00pm on Tuesday 15 September 2020. | उ. परामर्श प्रक्रिया में आठ सप्ताह लगेंगे। आरंभ में आप एक छोटे आकार के सर्वेक्षण में प्रतिक्रिया देकर शामिल हो सकते/सकती हैं। आपके उत्तर अनाम रखे जाएँगे और विश्लेषण करने के लिए इनकी तुलना अन्य प्रतिक्रियाओं से की जाएगी। यह सर्वेक्षण वेबसाइट education.wa.edu.au पर ऑनलाइन उपलब्ध है और बुधवार 26 अगस्त 2020 के दिन सुबह 9.00बजे से लेकर मंगलवार 15 सितंबर 2020 को शाम 5.00बजे तक तीन सप्ताहों के लिए खुला है। |
| If you do not have access to the internet, you are welcome to visit your local school during school hours for assistance. Please contact your local school to arrange a suitable time. | यदि आपके पास इंटरनेट की सुलभता नहीं है, तो अपने स्थानीय स्कूल के खुलने की अवधि में आप सहायता के लिए स्कूल में आ सकते/सकती हैं। उपयुक्त समय की व्यवस्था करने के लिए कृपया अपने स्थानीय स्कूल से संपर्क करें। |

| | |
|---|---|
| The outcomes of the consultation process will help inform any decisions by the State Government about public schooling in the Cannington and Maddington area. | परामर्श प्रक्रिया के परिणामों से राज्य सरकार को Cannington और Maddington क्षेत्र में पब्लिक स्कूली शिक्षण के बारे में सूचित निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। |
| Q. Can I attend a forum? | क्याप्र. क्या मैं फोरम में भाग ले सकता/सकती हूँ? |
| A. Yes, there are three community forums being held: | हाँ, तीन सामुदायिक फोरम आयोजित किए जा रहे हैं: |
| • Sevenoaks Senior College and Cannington Community Education Support Centre school communities - Wednesday 26 August 2020 from 6.00pm to 7.00pm at Sevenoaks Senior College lecture theatre, 275 Sevenoaks Street, Cannington. Register at Sevenoaks.sc.parentinfo@education.wa.edu.au.<br>• Cannington Community College - Tuesday 1 September 2020 from 6.00pm to 7.00pm at Cannington Community College library, 147 Wharf Street, Cannington. Register at Cannington.cc@education.wa.edu.au.<br>• Yule Brook College – Wednesday 2 September 2020 from 6.00pm to 7.00pm at Yule Brook College performing arts theatre, 61 Dellar Road, Maddington. Register at Yulebrook.col@education.wa.edu.au. | • Sevenoaks Senior College और Cannington Community Education Support Centre स्कूल समुदाय - बुधवार 26 अगस्त 2020 को शाम 6.00बजे बजे से लेकर 7.00बजे तक Sevenoaks Senior College लेक्चर थिएटर, 275 Sevenoaks Street, Cannington। Sevenoaks.sc.parentinfo@education.wa.edu.au पर ईमेल भेजकर पंजीकरण करें।<br>• Cannington Community College - मंगलवार 1 सितंबर 2020 को शाम 6.00बजे से लेकर 7.00बजे तक Cannington Community College पुस्तकालय, 147 Wharf Street, Cannington। Cannington.cc@education.wa.edu.au पर ईमेल भेजकर पंजीकरण करें।<br>• Yule Brook College - बुधवार 2 सितंबर 2020 को शाम 6.00बजे से 7.00बजे तक Yule Brook College में प्रदर्शन कलाएँ थिएटर, 61 Dellar Road, Maddington। Yulebrook.col@education.wa.edu.au पर ईमेल भेजकर पंजीकरण करें। |
| Physical distancing measures will apply at the community forums. | सामुदायिक मंचों में शारीरिक दूरी बनाए रखने के नियम उपाय लागू होंगे। |
| Q. What is being considered in this consultation process? | प्र. इस परामर्श प्रक्रिया में किन बातों पर विचार किया जा रहा है? |
| A. There are a number of factors to consider throughout this process, including the size of schools, number of students enrolled, range of courses and subjects that students can study, and pastoral care programs and support services for students. | उ. इस पूरी प्रक्रिया के दौरान विचार करने के लिए कई कारक हैं, जिनमें स्कूलों का आकार, भर्ती किए जाने वाले छात्र/छात्राओं की सँख्या, छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए उपलब्ध पाठ्यक्रम और अलग-अलग विषय, और छात्र/छात्राओं के लिए जीवन-मूल्य कार्यक्रम तथा समर्थित सेवाएँ शामिल हैं। |

| | |
|---|---|
| Q. Will any changes disrupt students already enrolled at the schools? | प्र. क्या स्कूलों में पहले से ही भर्ती छात्र/छात्राओं को किसी परिवर्तन से बाधा पहुँचेगी? |
| A. High quality education is the main focus in managing any change to public schooling. The Department of Education works closely with school leaders and others whenever changes are made to schools to ensure they do not impact on student learning and wellbeing. | उ. सार्वजनिक शिक्षण में किसी भी परिवर्तन का प्रबंधन करने में ध्यान का प्रमुख केंद्र उँची गुणवत्ता वाली शिक्षा होती है। जब भी स्कूलों में परिवर्तन किए जाते हैं, तो शिक्षा विभाग (Department of Education) स्कूल के अग्रणियों और अन्य लोगों के साथ निकटता से मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए काम करता है कि ये परिवर्तन छात्र/छात्राओं के शिक्षण और कल्याण को प्रभावित न करें। |
| Q. Will there be any changes to school local-intake areas? | प्र. क्या स्कूल के स्थानीय इनटेक क्षेत्रों में कोई परिवर्तन होगा? |
| A. This depends on any decision by the State Government following the consultation process. | उ. यह परामर्श प्रक्रिया के बाद राज्य सरकार के किसी भी निर्णय पर निर्भर करता है। है। |
| Q. Is funding allocated to implement outcomes of the consultation? | प्र. क्या परामर्श के परिणामों को लागू करने के लिए धन आवंटित किया गया है? |
| A. Any decision by the State Government about changes to public schooling in the Cannington and Maddington area will need to be properly costed and appropriate funding allocated. This also applies to any building requirements. | उ. Cannington और Maddington क्षेत्र में सार्वजनिक शिक्षण में परिवर्तन हेतु राज्य सरकार के किसी भी निर्णय के लिए समुचित लागत की गणना और उपयुक्त धन आवंटित करने की आवश्यकता होगी। इसमें भवनों की आवश्यकताएँ भी शामिल होगी। |
| Q. What will happen to the information gathered as part of the consultation process? | प्र. परामर्श प्रक्रिया के हिस्से के रूप में एकत्र की गई जानकारी के साथ कैसे व्यवहार किया जाएगा? |
| A. Outcomes of the consultation process will help inform any decisions by the State Government about public schooling in the Cannington and Maddington area. | उ. परामर्श प्रक्रिया के परिणाम राज्य सरकार द्वारा Cannington और Maddington क्षेत्र में सार्वजनिक शिक्षण के बारे में किसी भी निर्णय को सूचित करने में मदद करेंगे। |
| Q. When will a decision be made? | प्र. निर्णय कब तक ले लिया जाएगा? |
| A. The Minister for Education and Training will inform the community when a decision is made. | उ. निर्णय लिए जाने के बाद Minister for Education and Training समुदाय को सूचित करेंगे। |

| | |
|---|---|
| *Additional information added Tuesday 8 September 2020:* | *मंगलवार 8 सितंबर 2020 को अतिरिक्त जानकारी जोड़ी गई:* |
| Q. Why is there no option for no change? | प्र. कोई भी परिवर्तन न किए जाने का विकल्प क्यों नहीं दिया गया है? |
| A. The State Government wants to know which of the two options the community would prefer if changes were to be made to schooling in the Cannington and Maddington area, so the option of no change has not been included. | उ. राज्य सरकार यह जानना चाहती है कि Cannington और Maddington क्षेत्रों में स्कूली शिक्षा में परिवर्तन किए जाने के लिए समुदाय इन दो विकल्पों में से कौन सा विकल्प पसंद करेगा, इसलिए इसमें कोई भी परिवर्तन न किए जाने का विकल्प शामिल नहीं है। |
| Q. What is the timeframe for any changes to take place once a decision is made? | प्र. निर्णय लिए जाने के बाद परिवर्तनों को लागू करने के लिए क्या समय-सीमा है? |
| A. Should the State Government decide to change schooling in Cannington and Maddington area, a lot of planning would need to be done. This includes any changes to the buildings and establishment of the new schools, including staffing. There is no timeframe as yet. | उ. यदि राज्य सरकार Cannington और Maddington क्षेत्र में स्कूली शिक्षा को बदलने का निर्णय लेती है, तो इसके लिए काफी अधिक नियोजन करने की आवश्यकता होगी। इसमें नए कर्मचारियों को काम पर रखने के साथ-साथ नए स्कूलों के लिए भवनों और अन्य स्थापनाओं में परिवर्तन भी शामिल होंगे। अभी तक कोई समयावधि नियत नहीं की गई है। |
| Q. Will staff at any of the schools lose their jobs? | प्र. क्या स्कूल के किसी कर्मचारी को नौकरी से निकाला जाएगा? |
| A. All permanent staff are employees of the Department of Education and are guaranteed continuity of employment. All fixed term contracts will be honoured. | उ. सभी स्थायी कर्मचारी शिक्षा विभाग (Department of Education) के कर्मचारी होते हैं और उनके लिए रोजगार की निरंतरता तय है। निश्चित अवधि के सभी अनुबंधों का सम्मान किया जाएगा। |
| Q. Is it possible for a third option which would see Yule Brook College extend to Years 11 and 12, and no changes happen at Cannington Community College, Cannington Community Education Support Centre and Sevenoaks Senior College? | प्र. क्या ऐसा तीसरा विकल्प भी संभव है, जिसमें Yule Brook College को कक्षा 11 और 12 तक विस्तारित किया जा सकता है, और Cannington Community College, Cannington Community Education Support Centre और Sevenoaks Senior College में कोई परिवर्तन न किया जाए? |
| A. That is not one of the options proposed, but if the survey shows that the community would like this option to be considered, the State Government would take that into consideration. | उ. अभी यह विकल्प प्रस्तावित नहीं किया गया है, लेकिन यदि सर्वेक्षण से पता चलेगा कि समुदाय इस विकल्प पर राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाना चाहता है, तो सरकार इसपर मनन करेगी। |

| | |
|---|---|
| Q. Will any changes be made to the catchment areas? | प्र. क्या इनटेक क्षेत्रों में कोई परिवर्तन किया जाएगा? |
| A. Changes to local intake areas could be made to accommodate the needs of all students. | उ. सभी छात्र/छात्राओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थानीय इनटेक क्षेत्रों में परिवर्तन किया जा सकता है। |
| Q. What capital works will be required? | प्र. किन भवन-निर्माणादि कार्यों की आवश्यकता होगी? |
| A. The capital works requirements will be determined when the State Government makes a decision about the model of schooling to be implemented. | उ. जब राज्य सरकार स्कूली शिक्षण के मॉडल को लागू करने के बारे में निर्णय ले लेगी, तब भवन-निर्माणादि कार्यों की आवश्यकताओं का निर्धारण किया जाएगा। |
| Q. One of the benefits of Sevenoaks Senior College is the adult style education. How will that change if Years 7 to 10 are added? | प्र. Sevenoaks Senior College के लाभों में से एक लाभ वयस्क-शैली का शिक्षण है। अगर कक्षा 7 से 10 तक भी जोड़ दी जाएँ, तो इसमें किस प्रकार से परिवर्तन होगा? |
| A. All secondary schools recognise the needs of young adult learners and make special provision for them. This includes privileges not available to younger students. | उ. सभी माध्यमिक स्कूल युवा वयस्क शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को समझते हैं और उनके लिए विशेष प्रावधान रखते हैं। इसमें ऐसे विशेषाधिकार भी शामिल हैं जो कम आयु के छात्र//छात्राओं के लिए उपलब्ध नहीं हैं। |

| 2017 retention data | 2017 प्रतिधारण आकड़े |
|---|---|
| **Yule Brook College** | **Yule Brook College** |
| • 39.3% (22 out of 56) of 2017 Year 10 students from Yule Brook College enrolled in Year 12 at Sevenoaks Senior College.<br>• 14.3% (8 out of 56) of 2017 Year 10 students from Yule Brook College enrolled in Year 12 at public schools other than Sevenoaks Senior College.<br>• 19.6% (11 out of 56) of 2017 Year 10 students from Yule Brook College have no enrolment in a public school after Year 10. | • वर्ष 2017 में Yule Brook College के 39.3% (56 में से 22) कक्षा 10 के छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College में कक्षा 12 में दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2018 में Yule Brook College के 14.3% (56 में से 8) कक्षा 10 के छात्र/छात्राओं ने कक्षा 12 के लिए Sevenoaks Senior College के बजाय अन्य पब्लिक स्कूलों में दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2017 में Yule Brook College के 19.6% (56 में से 11) छात्र/छात्राओं ने कक्षा 10 के बाद किसी भी पब्लिक स्कूल में दाखिला नहीं लिया। |
| **Cannington Community College** | **Cannington Community College** |
| • 63.4% (78 out of 123) of 2017 Year 10 students from Cannington Community College enrolled in Year 12 at Sevenoaks Senior College.<br>• 5.7% (7 out of 123) of 2017 Year 10 students from Cannington Community College enrolled in Year 12 at public schools other than Sevenoaks Senior College.<br>• 12.2% (15 out of 123) of 2017 Year 10 students from Cannington Community College have no enrolment in a public school after Year 10. | • वर्ष 2017 में Cannington Community College के कक्षा 10 के 63.4% (123 में से 78) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College में कक्षा 12 के लिए दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2017 में Cannington Community College के कक्षा 10 के 5.7% (123 में से 7) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College के बजाय अन्य पब्लिक स्कूलों में कक्षा 12 के लिए दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2017 में Cannington Community College के कक्षा 10 के 12.2% (123 में से 15) छात्र/छात्राओं ने किसी भी पब्लिक स्कूल में दाखिला नहीं लिया। |
| **Yule Brook College and Cannington Community College** | **Yule Brook College और Cannington Community College** |
| • 55.9% (100 out of 179) of total 2017 Year 10 students from Yule Brook College or Cannington Community College completed Year 12 at Sevenoaks Senior College. | • वर्ष 2017 में Yule Brook College या Cannington Community College के कक्षा 10 के कुल 55.9% (179 में से 100) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College में कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी की। |

| 2018 retention data | 2018 प्रतिधारण डेटा |
|---|---|
| **Yule Brook College** | **Yule Brook College** |
| • 45.6% (31 out of 68) of 2018 Year 10 students from Yule Brook College enrolled in Year 12 at Sevenoaks Senior College.<br>• 11.8% (8 out of 68) of 2018 Year 10 students from Yule Brook College enrolled in Year 12 at public schools other than Sevenoaks Senior College.<br>• 14.7% (10 out of 68) of 2018 Year 10 students from Yule Brook College have no enrolment in a public school after Year 10. | • वर्ष 2018 में Yule Brook College के कक्षा 10 के 45.6% (68 में से 31) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College में कक्षा 12 के लिए दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2018 में Yule Brook College के कक्षा 10 के 11.8% (68 में से 8) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College के बजाय अन्य पब्लिक स्कूलों में कक्षा 12 के लिए दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2018 में Yule Brook College के कक्षा 10 के 14.7% (68 में से 10) छात्र/छात्राओं ने किसी भी पब्लिक स्कूल में दाखिला नहीं लिया। |
| **Cannington Community College** | **Cannington Community College** |
| • 62.7% (74 out of 118) of 2018 Year 10 students from Cannington Community College enrolled in Year 12 at Sevenoaks Senior College.<br>• 11.0% (13 out of 118) of 2018 Year 10 students from Cannington Community College enrolled in Year 12 at public schools other than Sevenoaks Senior College.<br>• 4.2% (5 out of 118) of 2018 Year 10 students from Cannington Community College have no enrolment in a public school after Year 10. | • वर्ष 2018 में Cannington Community College के कक्षा 10 के 62.7% (118 में से 74) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College में कक्षा 12 के लिए दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2018 में Cannington Community College के कक्षा 10 के 11.0% (118 में से 13) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College के बजाय अन्य पब्लिक स्कूलों में कक्षा 12 के लिए दाखिला लिया।<br>• वर्ष 2018 में Cannington Community College के कक्षा 10 के 4.2% (118 में से 5) छात्र/छात्राओं ने कक्षा 10 के बाद किसी भी पब्लिक स्कूल में दाखिला नहीं लिया। |
| **Yule Brook College and Cannington Community College** | **Yule Brook College और Cannington Community College** |
| • 56.5% (105 out of 186) of total 2018 Year 10 students from Yule Brook College or Cannington Community College completed Year 12 at Sevenoaks Senior College. | • वर्ष 2018 में Yule Brook College या Cannington Community College के कक्षा 10 के कुल 56.5% (186 में से 105) छात्र/छात्राओं ने Sevenoaks Senior College में कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी की। |